टैस्ट में 14 साल के 'विराट' करियर पर लगा विराम

कोहली ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर टैस्ट करियर में संन्यास की घोषणा की

सवेरा न्यूज/एजैंसी

नयी दिल्ली, 12 मई : भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने 14 साल तक लाल गेंद के खेल में अपना जलवा दिखाने के बाद अंततः सोमवार को टैस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया। अब कोहली केवल एकदिवसीय प्रारूप में भारत के लिए खेलते नजर आएंगे। कोहली ने जून 2011 में वैस्ट इंडीज के खिलाफ टैस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। उनकी शानदार बल्लेबाजी के दम पर भारतीय टीम ने कई महत्वपूर्ण जीत हासिल की और भारत को आईसीसी टैस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचाया। उन्होंने कहा, 'मैंने इसमें अपना सबकुछ झोंक दिया है और इसने मुझे मेरी उम्मीद से कहीं अधिक लौटाया है। उन्होंने अपनी जर्सी का नंबर '269' लिखा और लिखा 'साइनिंग ऑफ'।'

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने कोहली को धन्यवाद कहा। बोर्ड ने लिखा टैस्ट क्रिकेट में एक युग समाप्त हो गया है, लेकिन विरासत जारी रहेगी। भारतीय टीम में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा।

> टैस्ट क्रिकेट में पहली बार बैगी ब्लू पहनने के 14 साल हो गए। सच कहूं तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह प्रारूप मुझे ऐसी यात्रा पर ले जाएगा। इसने मुझे परखा, गढ़ा। मैं इसे जिंदगी भर याद रखूंगा। उन्होंने कहा इस प्रारूप से दूर जाना आसान नहीं है, लेकिन यह सही लगता है।

कोहली ने अपने टैस्ट करियर में 30 शतक, 31 अर्धशतक और 7 दोहरे शतक बनाए। उन्होंने 123 टैस्ट मैच की 210 पारियों में 46.85 की औसत से की मदद से 9230 रन बनाए। इस दौरान नाबाद 254 उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा। उन्होंने 68 मैचों में भारतीय टीम की कप्तानी भी की, जिसमें 40 में भारत की जीत और 17 में हार का स्वाद चखने को मिला, जबकि 11 मैच ड्रॉ भी हुए।

कोहली ने 2016 और 2019 के बीच शानदार प्रदर्शन किया और उस दौर के सबसे प्रभावशाली बल्लेबाज उभरकर सामने आए। 2020 की शुरुआत में उनका फॉर्म कमजोर हुआ, लेकिन उन्होंने 2023 में फिर से वापसी की। सफेद जर्सी में उन्होंने आखिरी बार ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खेला था। कोहली ने मुस्कुराते हुए कहा, 'मैं इस खेल का, अपने साथ खेलने वाले हर साथी का और हर उस व्यक्ति का दिल से शुक्रगुजार हूं, जिसने इस सफर में मुझे सराहा। मैं हमेशा अपनी टैस्ट करियर की ओर मुस्कान के साथ देखूंगा।' कोहली ने 10 मई को बीसीसीआई से कहा था कि मैं टैस्ट क्रिकेट से संन्यास लेना चाहता हूं। बोर्ड ने कोहली को अपने फैसले पर फिर विचार करने को कहा था। 11 मई को बोर्ड के एक अधिकारी ने उनसे बात भी की थी। कोहली ने पिछले वर्ष टी-20 विश्व कप जीतने के बाद इस प्रारूप से संन्यास ले लिया था।

Match	Run	100s
123	9230	30
Inn	**Avg**	**50s**
210	46.9	31

'तुम याद आओगे विराट', बीसीसीआई, जय शाह सहित क्रिकेट जगत ने दी प्रतिक्रिया

शेर जैसे जोश वाला आदमी, विराट तुम बहुत याद आओगे।' 14 साल लंबे शानदार टैस्ट करियर के लिए बधाई विराट कोहली।
-गौतम गंभीर

मेरे मित्र विराट कोहली को शानदार टैस्ट करियर के लिए बधाई। आपके दृढ़ संकल्प और कौशल ने मुझे हमेशा प्रेरित किया है। आप सच्चे लीजैंड हैं।
-एबी डिविलियर्स

विराट कोहली को शानदार टैस्ट करियर के लिए बधाई। टी-20 क्रिकेट के उभार के बीच क्रिकेट के सबसे पुराने प्रारूप को आगे बढ़ाने और अनुशासन, फिटनैस और प्रतिबद्धता में एक असाधारण उदाहरण स्थापित करने के लिए आपका धन्यवाद। लॉर्ड्स में आपके भाषण ने सब कुछ कह दिया- आपने टैस्ट क्रिकेट दिल, हिम्मत और गर्व के साथ खेला।
-जय शाह

विराट, तुम्हारी असली विरासत यह है कि तुमने लाखों युवाओं को क्रिकेट खेलने की प्रेरणा दी है। तुम्हारा टैस्ट करियर गजब का रहा है! तुमने भारतीय क्रिकेट को सिर्फ रन ही नहीं दिए, बल्कि एक नया उत्साही दर्शकों और खिलाड़ियों का दौर भी दिया। इस खास टैस्ट करियर के लिए बहुत-बहुत बधाई।'
-सचिन तेंदुलकर

लोग तुम्हारे रिकॉर्ड्स और उपलब्धियों की बात करेंगे... लेकिन मुझे वो आंसू याद रहेंगे जो आपने कभी नहीं दिखाए, वो संघर्ष जो किसी ने नहीं देखे... और वह अटूट प्यार, जो आपने इस खेल को दिया। मुझे पता है कि इन सबने आपसे कितना कुछ छीन लिया। आपको आगे बढ़ते देख मैं खुद को सौभाग्यशाली मानती हूं।
-अनुष्का शर्मा

विराट कोहली, शानदार टैस्ट करियर के लिए बधाई। कप्तान के तौर पर आपने सिर्फ मैच ही नहीं जीते- आपने खिलाड़ियों में मैच जीतने की मानसिकता को विकसित किया। टैस्ट में आपने फिटनैस, आक्रामकता जीतने का जुनून का नया मानक सैट किया।
-इरफान पठान

विराट, हम दोनों ने एक साथ काफी क्रिकेट खेला। सफेद कपड़ों में आपकी बल्लेबाजी खास है। सिर्फ आंकड़ों में ही नहीं, बल्कि इरादे, तीव्रता और प्रेरणा में भी। आगे के लिए शुभकामनाएं।'
-हरभजन सिंह

विराट कोहली को उनके बेहतरीन करियर के लिए बधाई दी। उन्होंने लिखा, 'धन्यवाद विराट कोहली। टैस्ट क्रिकेट का एक सच्चा दिग्गज रिटायर हो गया है।
-आकाश चोपड़ा

टैस्ट क्रिकेट में ये बेहतरीन रिकॉर्ड

नई दिल्ली. भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज और सफलतम टैस्ट कप्तान रहे विराट कोहली ने अपने 14 साल के यादगार टैस्ट करियर को विराम दे दिया है। बतौर खिलाड़ी ही नहीं बल्कि कप्तान के रूप में भी विराट ने देश-विदेश में सफलता के झंडे गाड़े हैं।

- विराट कोहली का टैस्ट करियर 14 साल लंबा रहा। 2011 में वैस्ट इंडीज के खिलाफ अपना पहला टैस्ट खेलने वाले कोहली ने 2025 में ऑस्ट्रेलिया में अपना आखिरी टैस्ट खेला। इस अवधि में 123 टैस्ट की 210 पारियों में 30 शतक लगाते हुए 9,230 रन बनाए। सचिन, राहुल द्रविड़ और सुनील गावस्कर के बाद टैस्ट में वे चौथे सबसे सफल भारतीय टैस्ट बल्लेबाज हैं।
- कोहली 2014 से लेकर 2022 जनवरी तक टैस्ट में भारतीय के कप्तान रहे। इस दौरान 68 टैस्ट मैचों में कप्तानी की, जिसमें 40 में जीत मिली। 17 मैच टीम हारी जबकि 11 मैच ड्रॉ रहे थे। जीत का प्रतिशत 58.82% था, जो टैस्ट में किसी भी भारतीय कप्तान से ज्यादा है। कोहली की कप्तानी में भारत ने पहली बार ऑस्ट्रेलिया को ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में हराया था। 2018-2019 में मिली ये जीत भारत के टैस्ट इतिहास के 71 साल के इतिहास में पहली थी। साथ ही यह किसी भी एशियाई टीम के लिए टैस्ट मैचों में पहली बार हासिल की गई उपलब्धि भी थी।
- कोहली की कप्तानी में भारतीय टैस्ट टीम बेजोड़ थी। यह टीम 2016 से 2021 के बीच आईसीसी की रैंकिंग में नंबर वन रही थी। 2021 विश्व टैस्ट चैंपियनशिप का फाइनल भारत ने विराट कोहली की कप्तानी में ही खेला था।
- विराट टैस्ट में सबसे ज्यादा 7 दोहरे शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज हैं। इसके अलावा बतौर कप्तान टैस्ट में सबसे बड़ी पारी का रिकॉर्ड भी उन्हीं के नाम है। विराट ने 2019 में पुणे में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 254 रन की पारी खेली थी। विराट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सर्वाधिक 7 टैस्ट शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज हैं। एक टैस्ट सीरीज में सर्वाधिक 4 शतक लगाने का रिकॉर्ड भी विराट के नाम है, जो 2014-15 सीरीज में उन्होंने लगाए थे।
- विराट ने 2015 से 2017 के बीच लगातार 9 टेस्ट सीरीज जीतकर रिकी पोंटिंग के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की थी। बतौर भारतीय कप्तान सर्वाधिक 20 टेस्ट शतक का रिकॉर्ड कोहली के नाम है। वहीं वे दुनिया के इकलौते कप्तान हैं जिनके नाम 7 दोहरे शतक हैं।
- भारतीय टैस्ट कप्तान के रूप में विराट कोहली ने सबसे ज्यादा 5,864 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका औसत 54.80 रहा है। विश्व टैस्ट चैंपियनशिप के 47 टैस्ट में विराट के नाम 2,617 रन हैं। विश्व टैस्ट चैंपियनशिप साइकिल में वे दूसरे सफल भारतीय बल्लेबाज हैं।
- 2012, 2015, 2016, 2018 और 2023 में विराट ने किसी भी दूसरे भारतीय बल्लेबाज से ज्यादा टैस्ट शतक लगाए थे। कोहली आईसीसी टैस्ट रैंकिंग में सर्वाधिक अंक हासिल करने वाले भारतीय बल्लेबाज रहे हैं। 2018 में उन्होंने 937 अंक हासिल किए थे।

आईपीएल के लिए भारत नहीं लौटने वाले आस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों के साथ सीए

सवेरा न्यूज/एजैंसी

मेलबर्न, 12 मई : आईपीएल स्थगित होने के बाद वापस लौटे आस्ट्रेलिया के खिलाड़ी अगर बाकी मैचों के लिए भारत वापस लौटना नहीं चाहते तो क्रिकेट आस्ट्रेलिया से उन्हें समर्थन मिलेगा। यहां एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। विभिन्न आईपीएल टीमों के आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी स्वदेश पहुंच चुके हैं। रिकी पोंटिंग और ब्रैड हाडिन जैसे कुछ पूर्व खिलाड़ी भारत में रह गए हैं जो कोचिंग स्टाफ का हिस्सा हैं। दूसरे कोच मसलन जस्टिन लैंगर और माइक हस्सी भी भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर तनाव के चलते लौट गए हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम की घोषणा के बाद खिलाड़ियों को लौटने के लिए कहा गया है क्योंकि आईपीएल एक सप्ताह के भीतर फिर शुरू होने वाला है। 'सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड' ने कहा,'घबराए हुए आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी अगर सुरक्षा कारणों से वापस जाना नहीं चाहते हैं तो क्रिकेट आस्ट्रेलिया उनका समर्थन करेगा।' इसमें कहा गया,'आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी चिंतित और डरे हुए हैं। रिकी पोंटिंग और ब्रैड हाडिन समेत कोचिंग स्टाफ के सदस्य भारत में हैं जबकि खिलाड़ी लौट आए हैं।'

आईपीएल फिर शुरू होने की संभावना के बीच गुजरात ने शुरू की ट्रेनिंग

सवेरा न्यूज/एजैंसी

नई दिल्ली, 12 मई : इंडियन प्रीमियर लीग को भारत-पाक के बीच बढ़े तनाव के बाद एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया गया था। 9 मई को स्थगित किए टूर्नामैंट के जल्द ही फिर से जारी रहने की संभावना है। भारत और पाकिस्तान के सैन्य अधिकारियों की संघर्ष विराम की घोषणा के बाद आईपीएल 2025 के लिए गुजरात टाइटंस ने अपनी ट्रेनिंग भी शुरू कर दी है। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार जीटी के खिलाड़ियों ने अपने अभ्यास सत्र शुरू कर दिए हैं। आईपीएल 2025 के स्थगित होने के बाद कई विदेशी खिलाड़ी और कोचिंग स्टाफ स्वदेश वापस लौट चुके हैं, लेकिन जीटी की टीम बहुत प्रभावित नहीं हुई है। जीटी की टीम से केवल जोस बटलर और गेराल्ड कोएट्जी ही वतन वापस लौटे हैं। जीटी के अधिकांश खिलाड़ी और कोचिंग स्टाफ अहमदाबाद में मौजूद हैं और नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ट्रेनिंग जारी है। बोर्ड सभी संबंधित लोगों और सरकारी अधिकारियों से बात करके आईपीएल फिर शुरू होने की तारीख बताएगा।

इंटरकॉन्टिनेंटल लीजैंड्स चैंपियनशिप में खेलते नजर आएंगे रैना, धवन, गुप्टिल, दिलशान

सवेरा न्यूज/एजैंसी

ग्रेटर नोएडा, 12 मई : पूर्व भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी सुरेश रैना, शिखर धवन और श्रीलंका के पूर्व ओपनर तिलकरत्ने दिलशान सहित कई बड़े खिलाड़ी इंटरकॉन्टिनेंटल लीजैंड्स चैंपियनशिप में खेलते नजर आएंगे। यह टूर्नामैंट 27 मई से ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शुरू होगा। इसका फाइनल मैच 5 जून को होगा। इस प्रतियोगिता में दुनिया भर के पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इनमें न्यूजीलैंड के मार्टिन गुप्टिल और अफगानिस्तान के पूर्व कप्तान असगर अफगान भी शामिल हैं। भारतीय टीम 'इंडियन वॉरियर्स' की ओर से पूर्व भारतीय गेंदबाज प्रवीण कुमार और मनप्रीत गोनी खेलेंगे। दोनों ही खिलाड़ी पेसर हैं। इसके अलावा पांच और टीमें होंगी, जिसमें अफ्रीकन लॉयंस, ट्रांस टाइटंस (ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की टीम), यूरो ग्लैडिएटर्स, अमरीकन स्ट्राइकर्स और एशियन एवैंजर्स शामिल हैं। टूर्नामैंट के नाम के अनुरूप ये 6 टीमें अलग-अलग महाद्वीपों का प्रतिनिधित्व करेंगी।

कारोबार

सैंसेक्स 82,429.90 ▲	सोना 96,100
पिछला 79,454.47 अंतर 2975.43	
निफ्टी 24,924.70 ▲	चांदी 97,300
पिछला 24,008 अंतर 916.70	

विनिमय दरें

यूरो	94.07	$ अमरीका	84.88
पाऊंड	111.63	आस्ट्रेलिया	54.23
		कनाडा	60.71

केआर मंगलम विश्वविद्यालय में विकसित भारत 2047 पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन सम्पन्न

सवेरा न्यूज/कास.

नई दिल्ली, 12 मई : गुरुग्राम स्थित केआर मंगलम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटीज द्वारा 9-10 मई को इनविजनिंग द फ्यूचर इंडियाः ऑपर्चुनिटीज एंड चैलेंजेस अहेड फॉर विकसित भारत 2047 विषय पर 2 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन का उद्देश्य शिक्षाविदों, नीति-निमार्ताओं, शोधकर्त्ताओं और विशेषज्ञों को एक साझा मंच पर लाकर भारत के समग्र विकास पर विचार करना था। सम्मेलन में आर्थिक प्रगति, सामाजिक समानता, सतत विकास और तकनीकी नवाचार जैसे विषयों पर चर्चा की गई। देशभर से प्राप्त 120 शोध-पत्रों में से 80 का प्रस्तुतिकरण 8 तकनीकी सत्रों में हुआ। उद्घाटन सत्र में डीन प्रो. (डॉ.) तानिया गुप्ता ने स्वागत भाषण दिया, जबकि कुलपति प्रो. (डॉ.) रघुवीर सिंह ने बहु-विषयक सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्यातिथि जस्टिस (डॉ.) मुकुंदकम शर्मा ने न्यायपालिका की भूमिका पर प्रकाश डाला। सम्मेलन में तुर्की, दिल्ली विश्व विद्यालय, ऋषिहूड विश्वविद्यालय सहित कई अंतर्राष्ट्रीय वक्ताओं ने भाग लिया। समापन सत्र में वर्ल्ड बैंक के पूर्व निदेशक स्टीवन शॉनबर्गर और यूएस की पूर्व वैज्ञानिक नीका लुई ने सतत विकास पर विचार रखे।

सीजफायर के बाद सैंसेक्स ने भरी उड़ान

सैंसेक्स 5 महीने के उच्चतम स्तर पर ▪ निफ्टी में भी 914 अंकों का उछाल

सवेरा न्यूज/एजैंसी

मुंबई, 12 मई : भारत-पाकिस्तान के युद्धविराम समझौते से दोनों देशों के बीच तनाव कम होने से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा दमदार लिवाली की बदौलत शेयर बाजार 5 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सैंसेक्स जून 2024 के बाद की सबसे बड़ी 2975.43 अंक अर्थात 3.74 प्रतिशत की तेजी से 5 महीने के उच्चतम स्तर 82 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 82,429.90 अंक पर पहुंच गया। इससे पहले 13 दिसंबर 2024 को यह 82,133.12 अंक पर रहा था।

साथ ही नैशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 916.70 अंक यानी 3.82 प्रतिशत की छलांग लगाकर 24924.70 अंक हो गया। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी जमकर लिवाली हुई। इससे मिडकैप 3.85 प्रतिशत की मजबूती के साथ 43,731.60 अंक और स्मॉलकैप 4.18% उछलकर 48,693.75 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई में कुल 4254 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3545 में लिवाली जबकि 576 में बिकवाली हुई वहीं 133 में कोई बदलाव नहीं हुआ। एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 3010 कंपनियों के शेयरों में से 2612 में तेजी जबकि 329 में गिरावट रही वहीं 67 में टिकाव रहा। विश्लेषकों

के अनुसार, हाल के दिनों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निरंतर खरीददारी प्रमुख पहचान बनकर उभरी है। 08 मई को समाप्त हुए 16 कारोबारी सत्रों में एफआईआई ने एक्सचेंजों के माध्यम से कुल 48,533 करोड़ रुपये की इक्विटी खरीदी। 09 मई को भारत-पाक तनाव के चलते 3,798 करोड़ रुपए की बिक्री दर्ज की गई। अब युद्धविराम की घोषणा हो चुकी है तो बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि एफआईआई द्वारा भारत में इक्विटी निवेश की गति एक बार फिर तेज हो सकती है।

विश्लेषकों का कहना है कि वैश्विक स्तर पर डॉलर में गिरावट और अमरीका तथा चीन की अर्थव्यवस्थाओं में मंदी जैसे कारकों के साथ-साथ घरेलू स्तर पर उच्च सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि, घटती महंगाई और ब्याज दरें भारतीय इक्विटी बाजार में एफआईआई प्रवाह को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध हो सकते हैं। इससे बीएसई के सभी 21 समूह चढ़ गए। इस दौरान आईटी 6.75, फोकस्ड आईटी 6.74, रियल्टी 5.87, धातु 5.24, टेक 5.21, सर्विसेज 5.08, यूटिलिटीज 5.07, पावर 4.82, इंडस्ट्रियल्स 4.24, कमोडिटीज 4.03, वित्तीय सेवाएं 3.95, सीडी 3.84 ऊर्जा 3.25, दूरसंचार 3.02, ऑटो 3.38, बैंकिंग 3.33, कैपिटल गुड्स 3.85, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 2.83, तेल एवं गैस 2.87 और हैल्थकेयर समूह के शेयर 0.91 प्रतिशत उछल गए।

भारत में छोटे प्राइवेट एयरपोर्ट का पूंजीगत व्यय 3 वित्त वर्षों में 50-60% बढ़ेगा : क्रिसिल

सवेरा न्यूज/एजैंसी

नई दिल्ली, 12 मई : भारत में छोटे प्राइवेट एयरपोर्ट का पूंजीगत व्यय पिछले 3 वित्त वर्षों की तुलना में वित्त वर्ष 2026-2028 में औसतन 50-60 प्रतिशत बढ़ेगा। यह जानकारी सोमवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। भारत में छोटे प्राइवेट एयरपोर्ट का पूंजीगत व्यय आगामी प्राइवेट एयरपोर्ट के कुल पूंजीगत व्यय का लगभग आधा है।

क्रिसिल रेटिंग्स की रिपोर्ट के अनुसार, टर्मिनल यूटिलाइजेशन लेवल में पर्याप्त वृद्धि के कारण क्षमता विस्तार से यह वृद्धि होगी। दूसरी ओर बड़े प्राइवेट एयरपोर्ट के पूंजीगत व्यय में इस अवधि के दौरान गिरावट देखी जाएगी, जो आगामी प्राइवेट एयरपोर्ट के बाकी कुल पूंजीगत व्यय का लगभग आधा है। क्रिसिल रेटिंग्स के निदेशक अंकित हकू ने कहा, 'वित्त वर्ष 2028 तक छोटे प्राइवेट एयरपोर्ट अपने मौजूदा आधार से 1.5 गुना तक का महत्वपूर्ण विस्तार कर सकते हैं। यह वृद्धि बढ़ती यात्रा मांग की वजह से देखी जा सकती है। मजबूत मांग की वजह से हवाई यातायात की आवाजाही में सुधार हुआ है। छोटे प्राइवेट एयरपोर्ट पर यात्री यातायात में वित्त वर्ष 2022 और 2025 के बीच 45 प्रतिशत की शानदार सीएजीआर वृद्धि देखी गई।' उन्होंने कहा, 'हालांकि, इन एयरपोर्ट पर क्षमता वृद्धि अपेक्षाकृत धीमी रही है, जोकि इस अवधि में 20 प्रतिशत की मामूली सीएजीआर के साथ दिखी। परिणामस्वरूप टर्मिनल यूटिलाइजेशन लेवल 60 प्रतिशत से बढ़कर 90 प्रतिशत हो गया है और अतिरिक्त क्षमता बनाने की जरूरत बढ़ गई।' इसके अलावा बड़े प्राइवेट एयरपोर्ट के संचालन में उनके स्पॉन्सर्स की विशेषज्ञता और उनकी मजबूत फंड-रेजिंग की क्षमता भी कुछ जोखिमों को कम करती है।'

वित्त वर्ष 2025 में गोल्ड 41% का जबरदस्त रिटर्न देकर परिसंपत्ति वर्ग में सबसे आगे

सवेरा न्यूज/एजैंसी

मुंबई, 12 मई : नैशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की ओर से सोमवार को दी गई जानकारी के अनुसार वित्त वर्ष 2025 में सोना (गोल्ड) सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला परिसंपत्ति वर्ग बना, जिसने अमरीकी डॉलर के लिहाज से 41 प्रतिशत और रुपए के लिहाज से 33 प्रतिशत का जबरदस्त रिटर्न दिया। वैश्विक अनिश्चितताओं और निवेश के बदलते रुझानों वाले इस साल में सोने को लेकर सुरक्षित निवेश की अपील बढ़ी, जिससे यह भारत सहित दुनियाभर के निवेशकों की पहली पसंद बना।

मार्कीट पल्स रिपोर्ट' में बताया कि निवेश मांग में 25 प्रतिशत की वृद्धि के कारण ग्लोबल गोल्ड डिमांड 15 साल के उच्चतम स्तर 4,974 टन पर पहुंच गई। दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों ने अपनी खरीदारी जारी रखी और लगातार तीसरे साल 1,000 टन से ज्यादा सोना खरीदा, जो 2010 और 2021 के बीच देखे गए वार्षिक औसत के दोगुना से भी ज्यादा है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने भी इस वैश्विक रुझान को दर्शाते हुए अपने विदेशी मुद्रा भंडार में सोने की हिस्सेदारी को 2014 के 6.7 प्रतिशत से बढ़ाकर 2024 में 11.4 प्रतिशत कर दिया।

लोहा व इस्पात

नई दिल्ली (प्रति टन) : जीएसटी पेड सरिया: कामधेनु: (8 एमएम) 69000, (10 एमएम) 67900, (12 एमएम) 65500, (16-25 एमएम) 66700, कामधेनु पीएएस-10000 (पीस): (8 एमएम) 391, (10) 600, (12) 848, (16) 1508, (20 एमएम) 2358, (25 एमएम) 3681, अम्बा शक्ति -500 एसडी: (8 एमएम) 68800, (10 एमएम)66700, (12 एमएम) 66200, (16-25 एमएम) 66100, (32 एमएम) 66500, अम्बा शक्ति-ट्राईकोर (8 एमएम) 68600, (10) 66600, (12) 66000, (16-25) 65100, (32) 65900, केवीएस टीएमटी बार (8 एमएम) 68500, (10) 65800, (12) 66200, (16-25) 67800, (28-32) 65500, बिरला (8 एमएम) 69400, (10 एमएम) 66400, (12 एमएम) 66100, (16-25 एमएम) 65200, टीएमटी: जयभारत: (8 एमएम) 68400, (10 एमएम) 67300, (12 एमएम) 64900, (16-25 एमएम) 66100, अनमोल-500 एसडी: (8 एमएम) 68400, (10 एमएम) 67300, (12 एमएम) 64900, (16-25 एमएम)66100, एंगल: राना (जीएसटी अतिरिक्त) (50×5) 46700, केवीएस-एमएस (35×5) 49200, (40×5/6) 49200, (50×5) 50200, (50×6) 50700, (65×5/6) 51200, जयभारत: (50×5 से 75×10) 49200, अनमोल: 49700, बिरला 48700, चैनल: राना (जीएसटीअतिरिक्त) 48200, एमएस (केबीएस) (75×40) (100×50) 50700, जयभारत 49900, अनमोल 49900, बिरला 50200, गार्डर (ज्वाइस्ट): जयभारत 53200, अनमोल 53200, टी-आयरन: राना 50200, (बिलट): (ढाई से तीन इंच) 40700, (साढ़े तीन इंच) 41200, (चार इंच) 41700, (पांच इंच) 42200, (छः इंच) 42200, स्क्रैप: पुरानी 35500, मैल्टिंग स्क्रैप 37000, इंगट 41000, राउंड 47000

कल क्या होगा

नई दिल्ली (एनएनएस) : बुधवार ज्येष्ठ बदी द्वितीया गेहूं, जौ, जई, मोटे चावल, लोबिया, मसूर, चना, राजमा चित्रा, मोठ, कालीमिर्च, सितावर, साबुदाना, छुहारा, हींग, बादाम, पिस्ता, मेथी, अजवायन, सौफ, सरसों, सोया, बिनौला, चावल एवं इनके तेल तथा डीओसी, ग्वार, ग्वार गम, लौंग, में लाभ एवं मक्की, बाजरा, बासमती चावल, जौ, जई, काबुली चना, मूंग, उड़द, तुवर, पिस्ता असगंध, आबजोश, जीरा, बेलगिरी, धनिया, आंवला, लोहा-इस्पात, में हानि की संभावना है। भाग्यांक 2-4-8-9 है। यात्रा विचार- पश्चिम दिशा की ओर 1.36 बजे अपराहन के बाद यात्रा करना लाभप्रद होगा।

अलौह धातु

नई दिल्ली (एनएनएस) (किलो/जीएसटी अतिरिक्त): एंटीमनी: चीन ×, कैडमियम: रॉड ×, मैक्सिको ×, प्लेट ×, लैड (सीसा): बैट्री सफेद 106, बैट्री काला 89, देशी मुलायम 180/199, देशी सख्त (एक-डेढ़ प्रतिशत) 192/211, चार प्रतिशत 198/218, पी.पी.×, गन मैटल स्क्रैप: लोकल 636, मिक्स 646, जालंधर 666, स्टील बर्तन ×, ब्रास (पीतल): हनी 541/575, रेडिएटर देशी 390, रेडिएटर विदेशी 390, चादरी देशी 528/563, पुर्जे स्क्रैप 511/546, टिन (रांग): इंगट मलेशिया ×, इंडोनेशिया 2720, जिंक (जस्ता): इंगट (पटरा) एचजेडएल 260, एजेड 266, आईजेड ×, आईजे ×,पीएमआई 234, ड्रास (ढीमा) 213, निकिल कैथोड: रसियन- (4×4) 1360, (8×8) 1365, (4×24) 1370, नार्वे (4×4) 1380, (4×24) 1385, कॉपर (तांबा): आरमेचर प्लांट 790, भट्ठी 788, सीसी 864, एल्यूमीनियम: सीजी इंगट 239, शीट कटिंग 225, वायर स्क्रैप 230, बर्तनफूट 203, पुर्जाफूट 195, रॉड: लोकल 242, कम्पनी 252

लोहा बाजार

मंडी गोबिंदगढ़/खन्ना (सुबोध, मोहित) : इंगट (कुल्फी)-42700, बिलैट- 42800, मैलटिंग स्क्रैप- 34100, पुरानी स्क्रैप- 31100, ऐंगल- 41300, चैनल- 51300, पत्तरा- 44500, गार्डर- 51300, पाइप- 46700, राऊंड सरिया- 46800, सरिया (TMT) लोकल- 47800, सरिया (TMT ब्रांडेड ISI) के.ए.वाई. 2- 54631, कामधेनु नैक्स्ट 55501 (जी.एस.टी. अतिरिक्त)

पंजाब की मंडियां

खन्ना

जीएसटी अतिरिक्त (प्रति क्विं.): राइसब्रान (खाद्य)(प्रति प्वाइंट)170, राइसब्रान (अखाद्य) 168, खल सरसों 2400, डीओसी: राइसब्रान बैच सफेद 1050, लाल ×, कंटीन्यूअस 1050, सरसों (टन) 17500, सूरजमुखी (टन) 16800, अनाज: गेहूं 2575/2600, आटा (50 किलो)1410, मैदा 1460, चोकर (45 किग्रा) 1240, चोकर (30 किग्रा) 825, मक्की बिहार नई 2500/2550

लुधियाना

दाल-दलहन: राजमां चित्रा 9800/11800, अरहर दाल 10700/11400, उड़द साबुत 9400/9800, उड़द धोया 10500/12000, छिलका 10500/11400, दाल मसूर 8000/8200, चनादाल 7150/7350, एग्रो प्योर बेसन (35 किग्रा.)2750, काबली चना 7500/12000, मूंग साबुत 8500/9500, मूंग धोया 9800/11000, चावल : डीबी 7900/8000, शरबती स्टीम 5200/5400,चावल 1121 सेला 8100/8200, लालकिला 14000, तेल: बिनौला 12400, चावल तेल 10800, सरसों 13500, खल: सरसों 2660/2720, बिनौला 3700/3750, डीओसी: मूंगफली 28000, किराना : जीरा 26000/29000, धनिया 9000/12800, हल्दी 15200/18500, केसर प्रति ग्राम कश्मीरी 185/195

अमृतसर

चावल: बासमती (1121 नं.) स्टीम 8500/8600, सेला 7500/7600, शरबती सेला 4500/4600, शरबती स्टीम 5200/5400,चावल 1509 सेला 5700/5850, धान: शरबती 2450/2550, बासमती 1121 धान 4500/4600, धान (1509) 3250/3450, पीआर-11 चावल 4200/4300, देशी चना 6950/7050, चनादाल 7200/7400, गुड़ (क्विं): लड्डू मंगलौर ×, देशी पंजाब 4900/5100, शक्कर देशी 4975/5025, बूरा खांड 5000/5050

संगरूर

गेहूं 2625/2650 आटा (50 किलो) 1525/1535, मैदा (50 किलो) 1560/1570, सूजी (50 किलो) 1660/1670, चावल 1121 सेला 7500/7600, स्टीम 8400/8500, शरबती चावल सेला 4500/4600, स्टीम 5300/5400, चावल परमल कच्चा 3200/3300, सेला 3050/3100, देशी चना छना 7000/7100, दाल चना 7200/7500, उड़द छिलका 9600/11600, राजमां चित्रा देशी 9000/10600, चाईना 11000/11600, काबली चना 7700/10500, किराना: जीरा 26000/30500, धनिया 9100/12700, लालमिर्च गुंटूर 341 न. 15000/20500, तेजा 16700/21000, हल्दी इरोड़ गट्ठा 14700/15100, निजामाबाद फली 15800/18600, मेवा (किलो): काजू: (320 नं.) 1060/1070, (210 नं.) 1140/1160, (240 नं.) 1120/1130, (180 नं.) 1240/1250, दो टुकड़ा 870/880, चार टुकड़ा 850/860, आठ टुकड़ा 820/830, गोला 25000/28000

बठिंडा

रुई (प्रति मन): जे-34 पंजाब 5750/5760, हरियाणा 5650/5680, राजस्थान 5760/5780, बिनौला 3900/4200, नरमा कपास 7600/7800, खल (प्रति क्विं.) बिनौला 3850/3900, सरसों खल 2700/2800, गेहूं चोकर (29 किलो) 710, (किलो 50) 1375

जालंधर

गेहूं दड़ा 2565/2585, चावल परमल कच्चा 3400/3500, सेला 3200/3250, मक्की बिहार 2